प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का नई दिल्ली के अस्पताल में हुआ निधन, अब से कुछ देर बाद रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेगा उनका पार्थिव शरीर।
- शिक्षा मंत्री के निधन से झारखंड में शोक की लहर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो समेत अन्य नेताओं ने जताया शोक।
- राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत शिबू सोरेन का पैतृक गांव नेमरा में संस्कार भोज आज, केंद्रीय मंत्री समेत विभिन्न राज्यों के मंत्री होंगे शामिल।
- देशभर के व्यवसाय जगत प्रमुखों और व्यापारियों ने जीएसटी सुधारों का किया स्वागत, प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में वस्तु और सेवा कर प्रणाली में बदलाव का दिया है संकेत।
- राजधानी रांची समेत देशभर में आज मनाई जा रही है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रांची के पुंदाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर, इस्कॉन समेत अन्य मंदिरों में विशेष तैयारी।

*********************

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का बीती रात नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो अगस्त को रामदास सोरेन अपने आवास पर बाथरूम में फिसलकर गिर गए थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया था, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही थी। रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर अब से थोड़ी देर में रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लाया जा रहा है। शिक्षा मंत्री का पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा परिसर में रखा जाएगा।

*********************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से झारखंड में शोक की लहर है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

राज्यपाल संतोष गंगावार ने अपने एक्स संदेश में लिखा है–झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर अत्यंत मर्माहत हूं। उनका जाना राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा है–ऐसे छोड़कर नहीं जाना था रामदास दा.. अंतिम जोहार दादा।

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन के समाचार से काफ़ी दुखी हूँ। उनका असमय चले जाना हम सभी को स्तब्ध करता है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी रामदास सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

*********************

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने लिखा है– झारखंड के शिक्षा मंत्री एवं घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन जी का निधन का अत्यंत ही दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लिखा है– ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा–'झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जी के निधन की दुखद सूचना से व्यथित हूं। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें. अंतिम जोहार!'

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रामदास सोरेन के निधन का समाचार सुनकर अत्यंत मर्माहत हूं।

*********************

रामदास सोरेन घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुके हैं। पहली बार साल 2009, फिर 2019 और 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जीत दर्ज की थी।

रामदास सोरेन 30 अगस्त 2024 को पहली बार जल संसाधन एवं उच्च शिक्षा तकनीकी मंत्री बने थे और ढाई माह तक मंत्री रहे। 2024 में झारखंड विधानसभा चुनाव में तीसरी बार घाटशिला से विधायक चुने जाने के बाद उन्हें दोबारा कैबिनेट मंत्री बनाया गया और स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री की जिम्मवारी सौंपी गयी थी।

*********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत शिबू सोरेन का पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा में आज संस्कार भोज का आयोजन किया जायेगा। इसमें राज्यभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इसमें केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ ही कई राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता भी शामिल होंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संस्कार भोज की तैयारियों का जायजा लिया।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

देशभर के व्यवसाय जगत प्रमुखों और व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में घोषित जी.एस.टी. सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे कर प्रणाली को सरल बनाने और व्यापार को बढावा देने के लिए जरूरी कदम बताया। सदर बाज़ार व्यापारी परिसंघ के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि इन सुधारों से उन व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री पम्मा ने कहा कि जी.एस.टी. दरों में कटौती से घरेलू व्यापार मजबूत होगा और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल लाल किले से स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में वस्तु और सेवा कर प्रणाली में बदलावों का संकेत दिया है।

*********************

खूंटी सदर थाना क्षेत्र के जियरप्पा गांव में अपराधियों ने 55 वर्षीय किसान सुखुआ पाहन की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

*********************

गढ़वा जिले में भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक की शुरुआत की गयी है।

*********************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि आज देशभर में मनाई जा रही है।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से रुक रुककर हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अठारह अगस्त तक आंधी और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है। वहीं उन्नीस अगस्त को राज्य के दक्षिणी भागों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

राजधानी रांची समेत देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। रांची के पुंदाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर, इस्कॉन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने अपने संदेश में इसे आनंद और उत्साह का त्यौहार बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और संदेश आत्म–विकास और आत्म–साक्षात्कार की प्रेरणा देता हैं।

*********************

अखबारों की सुर्खियां–

- राज्य से प्रकाशित होनेवाले प्रमुख अखबारों की वेबसाइट्स ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन की खबर को प्रमुखता दी है।
- प्रभात खबर लिखता है– शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर राज्यपाल ने जताया शोक, मुख्यमंत्री बोले–ऐसे नहीं जाना था रामदास दा...
- दैनिक भास्कर की वेबसाइट पर मंत्री रामदास सोरेन के निधन और रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की खबर चल रही है।
- हिंदुस्तान की वेबसाइट पर शिक्षा मंत्री के निधन के अलावा पलामू में सास की हत्या के बाद दामाद की पिटाई से मौत की खबर चल रही है।
- दैनिक जागरण लिखता है–रामदास सोरेन झारखंड के तीसरे मंत्री जिनकी हुई आकस्मिक मौत।
- द टाइम्स ऑफ इंडिया की बेवसाइट पर गढ़वा के सेप्टिक टैंक में चार लोगों की दम घुटने से मौत की खबर चल रही है।

**************